श्रम एवं नियोजन विभाग

अधिसूचनाएं

8 जून 1981

एस० ओ० 823, दिनांक 10 जून 1981—अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन, विनियमन एवं सेवा शर्त्ते) अधिनियम, 1979 (1979 का अधिनियम संख्या 30) की धारा 35 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार-राज्यपाल निम्नांकित नियमावली बनाते हैं, जो उक्त धारा की उप-धारा (1) की अपेक्षानुसार बिहार गजट, असाधारण अंक, दिनांक 10 मार्च 1981 में पहले ही प्रकाशित हो चुका है :—

नियमावली

अध्याय 1

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ।—(1) यह नियमावली बिहार अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन, विनियमन एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 1980 कहलायेगी।

(2) यह बिहार गजट में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगी।

2. परिभाषाएं।—(1) जबतक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन, विनियमन एवं सेवा शर्त्ते) अधिनियम, 1979;

(ख) "अपीली पदाधिकारी" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा धारा 11 के अधीन नामनिर्दिष्ट अपीली अधिकारी;

(ग) "श्रमायुक्त, बिहार" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा उस रूप में नियुक्त कोई पदाधिकारी;

(घ) "फारम" से अभिप्रेत है इस नियमावली से संलग्न फारम;

(ङ) "निरीक्षक" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा धारा 20 के अधीन नियुक्त कोई निरीक्षक;

(च) "लाइसेंस अधिकारी" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा धारा 7 के अधीन नियुक्त लाइसेंस अधिकारी;

(छ) "प्रवासी कर्मकार" से अभिप्रेत है धारा 2 में परिभाषित अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार ;

(ज) "रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा धारा 3 के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी ;

(झ) "धारा" से अभिप्रेत है अधिनियम की कोई धारा ;

(ञ) "विनिर्दिष्ट प्राधिकारी" से अभिप्रेत है ऐसा प्राधिकारी जो राज्य सरकार द्वारा धारा 12 और धारा 16 के प्रयोजनों के लिये नियुक्त किया जाए; और

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त, किन्तु इसमें अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके लिये दिये गये हैं ।

अध्याय 2

3. स्थापनाओं के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन करने की रीति ।—(1) धारा 4 की उप-धारा (1) में निर्दिष्ट आवेदन-पत्र फारम संख्या 1 में (तीन प्रतियों में), उस क्षेत्र के रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी के समक्ष करना होगा जिसमें रजिस्ट्रीकृत की जानेवाली स्थापना स्थित है ।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन-पत्र के साथ स्थापना के रजिस्ट्रीकरण के लिये फीस का भुगतान दिखलाने वाला कोषागार चालान भी लगा रहेगा ।

(3) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन-पत्र या तो व्यक्तिगत रूप से रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी को दिया जायगा या उसे पावती सहित निबंधित डाक द्वारा भेजा जाएगा ।

(4) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन-पत्र की प्राप्ति के पश्चात् रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी, आवेदन-पत्र प्राप्त होने की तिथि उस पर अंकित करने के बाद आवेदक को एक पावती देगा ।

4. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र का जारी किया जाना ।—(1) जहां फारम 1 में कोई आवेदन-पत्र प्राप्त किया जाए, वहां रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी उसमें दिये गये कथनों की सत्यता के बारे में समाधान हो जाने पर स्थापना का रजिस्ट्रीकरण करेगा और प्रधान नियोजक को फारम 2 में एक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी करेगा ।

(2) रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी फारम 3 में एक रजिस्टर रखेगा जिसमें ऐसी स्थापनाओं के ब्योरे उल्लिखित रहेंगे जिनके बारे में उसके द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी किया गया है ।

(3) यदि किसी स्थापना के बारे में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में विहित विशिष्टियों में कोई परिवर्त्तन किया जाए, तो स्थापना का प्रधान नियोजक रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी को परिवर्त्तन होने की तारीख से तीस दिनों के भीतर ऐसे परिवर्त्तन की विशिष्टियां और उसके कारण सूचित करेगा ।

5. परिस्थितियां, जिनमें रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन नामंजूर किया जा सकेगा ।—(1) यदि रजिस्ट्रीकरण के लिये कोई आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण नहीं है, तो रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी प्रधान नियोजक से आवेदन को पन्द्रह दिनों के भीतर संशोधित करने की अपेक्षा करेगा ताकि वह सभी प्रकार से पूर्ण किया जा सके ।

(2) यदि प्रधान नियोजक रजिस्ट्रीकरण के आवेदन का संशोधन करने के लिये रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी द्वारा अपेक्षित किये जाने पर इसके संबंध में विहित अवधि के भीतर जानकारी एवं विमर्शपूर्वक ऐसा नहीं करे या उसमें असफल रह जाए, तो रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन को नामंजूर कर देगा ।

(3) रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी की राय में, यदि कोई प्रधान नियोजक, जिससे रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन प्राप्त हुआ हो, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जांच के उपरांत, ऐसे कार्य-कलापों में अन्तर्ग्रस्त पाया गया हो जो सामाजिक सामंजस्य या हितों के विरुद्ध हों या जिसके पास जीविका का कोई माननीय स्रोत न हो, या जिसके हाथों में प्रवासी कर्मकारों का हित सुरक्षित न रहने की आशंका हो, तो वह रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन को नामंजूर कर सकेगा ।

6. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र का संशोधन ।—(1) नियम 4 के उप-नियम (3) के अधीन प्रत्येक सूचना के साथ चालू रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र और एक कोषागार चालान लगा रहेगा, जिसमें 5 रु० और उस रकम की अदायगी दिखलायी रहेगी, जो रकम रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के लिये शुरू में चुकाई गई फीस की रकम से उस स्थिति में अधिक रूप में देय होगी, यदि रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र शुरू में ही संशोधित रूप में निर्गत किया गया होता ।

(2) यदि नियम 4 के उप-नियम (3) के अधीन सूचना की प्राप्ति पर रजिस्ट्रीकर्त्ता अधिकारी का समाधान हो जाए कि स्थापना के रजिस्ट्रीकरण के लिये प्रधान

नियोजक द्वारा दी गई फीस की रकम से अधिक रकम देय है तो वह प्रधान नियोजक से यह अपेक्षा करेगा कि वह पन्द्रह दिनों के भीतर इतनी रकम जमा करे जो प्रधान नियोजक द्वारा पहले दी गई रकम के साथ मिलकर स्थापना के रजिस्ट्रीकरण के लिये ऐसी देय उच्चतर रकम के बराबर है और ऐसी कोषागार रसीद पेश करे जिसमें ऐसा जमा किया जाना दिखलाया गया हो।

(3) जहां नियम 4 के उप-नियम (3) में निर्दिष्ट सूचना प्राप्त हुई हो और रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी का समाधान हो जाए कि स्थापना की विशिष्टियों में, जैसी कि वे फारम 3 में रजिस्ट्रर में दर्ज की गई हैं, कोई परिवर्तन हुआ है, वहां वह उक्त रजिस्टर का संशोधन करेगा और उनमें इस प्रकार हुए परिवर्तन को अभिलिखित करेगा :

परन्तु ऐसा कोई संशोधन ऐसे संशोधन से पूर्व की गई किसी बात या कार्यवाही या अर्जित किसी अधिकार या उपगत किसी बाध्यता या दायित्व पर प्रभाव नहीं डालेगा :

परन्तु यह और भी, कि रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी फारम 3 वाली रजिस्टर में तबतक कोई संशोधन नहीं करेगा जबतक, कि प्रधान नियोजक द्वारा समुचित फीस जमा नहीं कर दी जाती है।

(4) फारम 3 वाले रजिस्ट्रर के संशोधित हो जाने के बाद, रजिस्ट्रीकर्त्ता पदाधिकारी, अपने हस्ताक्षर और कार्यालय-मुहर के साथ, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में भी आनुक्रमिक प्रविष्टियां करेगा और उसे प्रधान नियोजक को लौटा देगा।

7. लाइसेंस के लिये आवेदन।—(1) किसी ठेकेदार द्वारा धारा 8 की उप-धारा (1) के खंड (क) के अधीन किसी व्यक्ति को भर्त्ती करने के लिये लाइसेंस के दिये जाने के लिये फारम 4 में आवेदन तीन प्रतियों में उस लाइसेंस पदाधिकारी को किया जाएगा, जिसकी उस क्षेत्र के संबंध में अधिकारिता जिसमें भर्त्ती की जाती है।

(2) धारा 8 की उप-धारा (1) के खंड (ख) के अधीन किसी प्रवासी कर्मकार को नियोजित करने के लिये फारम 5 में आवेदन तीन प्रतियों में ठेकेदार द्वारा उस लाइसेंस अधिकारी को किया जाएगा जिसकी उस क्षेत्र के संबंध में अधिकारिता है जिसमें स्थापना स्थित है।

(3) (i) उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अधीन लाइसेंस दि जाने के लिये प्रत्येक आवेदन के साथ प्रधान नियोजक का फारम 6 में इ

आशय का प्रमाण-पत्र भी लगा होगा कि वह अधिनियम और उसके अधीन बनाये गए नियमों द्वारा आबद्ध होने का वचन देता है, जहां तक वे प्रवासी कर्मकारों की, जिनके संबंध में ठेकेदार आवेदन कर रहा हो, भर्त्ती या नियोजन के संबंध में उस पर लागू होते हैं।

(ii) ऐसा प्रत्येक आवेदन लाइसेंस अधिकारी को या तो व्यक्तिगत रूप से दिया जाएगा या उसे पावती सहित निबंधित डाक द्वारा भेजा जाएगा।

(4) उप-नियम (1) या उप-नियम (2) में निर्दिष्ट आवेदन प्राप्त होने पर संबद्ध लाइसेंस अधिकारी उस पर प्राप्ति तिथि अंकित करने के पश्चात् आवेदक को रसीद देगा।

(5) उप-नियम (1) या उप-नियम (2) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन के साथ एक कोषागार चालान भी लगा रहेगा जिसमें नियम 12 की अपेक्षानुसार फीस का भुगतान और नियम 10 के अधीन निर्धारित प्रतिभूति जमा की रकम भी दिखाई गई हो।

8. वे विषय जिनपर लाइसेंस के देने या उसके नामंजूर करने के संबंध में विचार किया जाएगा। लाइसेंस देने या देने से इन्कार करते समय लाइसेंस अधिकारी निम्नलिखित विषयों पर विचार करेगा :—

(क) क्या आवेदक—

(i) अवयस्क है, या

(ii) विकृत चित्त का है और किसी सक्षम न्यायालय द्वारा इस प्रकार घोषित किया गया है, या

(iii) अननुमोचित दिवालिया है, या

(iv) आवेदन की तारीख से ठीक पांच वर्ष पूर्व की अवधि के दौरान किसी समय ऐसे अपराध के लिये सिद्धदोष ठहराया गया है जिसमें राज्य सरकार की राय में नैतिक अधमता अंतर्ग्रस्त, है, या

(v) किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जांच के उपरांत ऐसे कार्यकलापों में अंतर्ग्रस्त पाया गया है, जो सामाजिक सामंजस्य या हितों के विरुद्ध हों या जिसके पास जीविका का कोई माननीय स्रोत न हो या जिसके हाथों में प्रवासी कर्मकारों का हित सुरक्षित न रहने की आशंका हो;

(ख) क्या धारा 10 की उप-धारा (1) के अधीन आवेदक के संबंध में कोई आदेश किया गया है और यदि किया गया है तो क्या उस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि बीत गई है;

(ङ) क्या आवेदन के लिये नियम 12 में निर्दिष्ट दरों पर फीस जमा कर दी गई है; और

(च) क्या आवेदक द्वारा नियम 10 के उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट दरों पर प्रतिभूति, जहां आवश्यक हो, जमा कर दी गई है।

9. लाइसेंस प्रदान करने से इन्कार।—(1) ठेकेदार से आवेदन प्राप्त होने पर और उसके पश्चात् यथासम्भव शीघ्र लाइसेंस अधिकारी आवेदन में दिये गये तथ्यों और विशिष्टियों की शुद्धता के बारे में और लाइसेंस के लिये आवेदक की पात्रता के बारे में अपना समाधान करने के लिये जांच करेगा या जांच करवाएगा।

(2) (*i*) जहां लाइसेंस अधिकारी की यह राय हो कि लाइसेंस नहीं दिया जाना चाहिये, वहां आवेदक को सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात् आवेदन को नामंजूर करने का आदेश करेगा।

(*ii*) आदेश में नामंजूरी करने के कारण अभिलिखित किये जाएंगे और आवेदक को सूचित किए जायेंगे।

10. प्रतिभूति।—(1) जहां लाइसेंस अधिकारी का धारा 8 की उप-धारा (2) के परन्तुक में विनिहित प्रक्रिया के अनुसार समाधान हो जाए कि ऐसे व्यक्ति को, जिसने लाइसेंस के लिये आवेदन किया है या जिसे लाइसेंस जारी किया गया है, लाइसेंस की शर्तों के सम्यक् पालन के लिये प्रतिभूति देनी चाहिए वहां वह नियोजित किये जाने वाले प्रवासी कर्मकारों की प्रस्तावित संख्या, उनके नियोजन की अवधि, उन्हें देय मजदूरी की दरों, नियोजन का स्थान, उन्हें देय सुविधाएं और उक्त धारा की उप-धारा (3) में विनिर्दिष्ट अन्य प्रसंगोचित तथ्यों के आधार पर प्रवासी कर्मकारों की भर्ती या नियोजन के लिये अपेक्षित रकम की व्यवस्था करने के लिये प्राक्कलन तैयार करेगा और ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत की जानेवाली प्रतिभूति की रकम निर्धारित करेगा, जो उसके द्वारा प्राक्कलित रकम के चालीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी :

परन्तु ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा दी जानेवाली प्रतिभूति की रकम, लाइसेंस के लिये फीस के रूप में देय रकम की बीस गुनी रकम से कम नहीं होगी।

(2) जहां आवेदक किसी अन्य कार्य के लिये लाइसेंस धारण करता था और वह लाइसेंस समाप्त हो गया था, वहां लाइसेंस अधिकारी, यदि उसकी राय में उस लाइसेंस के संबंध में जमा की गई प्रतिभूति में से, कोई रकम आवेदक को नियम 17 के अधीन वापस की जानी है, आवेदक द्वारा फारम 7 में उस प्रयोजन

के लिये किये गये आवेदन पर इस प्रकार वापस की जाने वाली रकम का उस प्रतिभूति के संबंध में, यदि कोई हो, समायोजन कर सकेगा और ऐसी दशा में ऐसा समायोजन करने के पश्चात् आवेदक को केवल शेष रकम जमा करनी होगी।

11. लाइसेंस के फारम और निबंधन तथा शर्तें।—(1) धारा 8 की उप-धारा (1) के खंड (क) और खंड (ख) के अधीन जारी किया गया प्रत्येक लाइसेंस क्रमशः फारम 8 और फारम 8-क में होगा।

(2) उप-नियम (1) के अधीन दिया गया या नियम 14 के अधीन नवीकृत प्रत्येक लाइसेंस निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा :—

(*i*) लाइसेंस अन्तरणीय नहीं होगा।

(*ii*) करार के निबंधनों और शर्तों या अन्य व्यवस्था का, जिसके अधीन प्रवासी कर्मकार भर्ती या नियोजित किया जाता है, पालन किया जायगा।

(*iii*) भर्ती किये गये या नियोजित प्रवासी कर्मकारों की संख्या विनिर्दिष्ट की जाएगी।

(*iv*) स्थापना में प्रवासी कर्मकारों के रूप में भर्ती किये गये या नियोजित कर्मकारों की संख्या किसी भी दिन शर्त (ग) में विनिर्दिष्ट अधिकतम संख्या से अधिक नहीं होगी।

(*v*) ठेकेदार द्वारा प्रवासी कर्मकारों को नियोजन के लिये देय मजदूरी की दरें, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अधीन विहित दरों से कम नहीं होंगी और जहां दरें, करार, व्यवस्था या पंचाट द्वारा नियत की गई हैं, वहां वे इस प्रकार नियत दरों से कम नहीं होंगी।

(*vi*) इन नियमों में जैसा उपबंधित है; उसको छोडकर लाइसेंस के यथास्थिति जो किये जाने या नवीकरण के लिये दी गई फीस अप्रतिदाय होगी।

(*vii*) (क) उन मामलों में जहां जो ठेकेदार द्वारा भर्ती किये गये या नियोजित प्रवासी कर्मकार वैसा या उसी प्रकार का काम करते हैं जो स्थापना के प्रधान नियोजक द्वारा सीधे नियोजित कर्मकार करते हैं, वहां ठेकेदार के प्रवासी कर्मकारों की मजदूरी की दरें, अवकाश दिन, काम के घंटे और सेवा की अन्य शर्तें वही होंगी जो स्थापना के प्रधान नियोजक द्वारा वैसे या उसी प्रकार के कार्य के लिये सीधे नियोजित किये गये कर्मकारों पर लागू होती हैं :

परन्तु काम के प्रकार के संबंध में मतभेद की दशा में उसका विनिश्चय श्रमायुक्त, बिहार द्वारा किया जाएगा जिसका विनिश्चय अंतिम होगा।

(अ) अन्य मामलों में ठेकेदार द्वारा भर्त्ती किये गये या नियोजित किये गये प्रवासी कर्मकारों की मजदूरी की दरें, अवकाश दिन, काम के घंटे और सेवा की शर्त्तें ऐसी होंगी जो इन नियमों द्वारा विहित की जाएंगी।

(*viii*) प्रत्येक प्रवासी कर्मकार उन भत्तों, फायदों, सुविधाओं आदि का हकदार होगा जो अधिनियम या इन नियमों द्वारा विहित हैं।

(*ix*) कोई भी महिला प्रवासी कर्मकार किसी ठेकेदार द्वारा 6 बजे पूर्वाह्न के पहले या सात बजे अपराह्न के बाद काम में नहीं लगायी जाएगी :

परन्तु यह शर्त्त गर्तमुख स्नान कक्षों, शिशुकक्ष, भोजनालय (कैंटीन) में, महिला प्रवासी कर्मकार पर तथा अस्पतालों और औषधालयों में धात्रियों (मिडवाइफ), और नर्सों के रूप में महिला कर्मकारों के नियोजन पर लागू नहीं होगी।

(*x*) ठेकेदार प्रवासी कर्मकारों की संख्या या कार्य की शर्त्तों में हुए परिवर्त्तन लाइसेंस अधिकारी को पन्द्रह दिनों के भीतर सूचित करेगा।

(*xi*) ठेकेदार अधिनियम और इन नियमों के सभी उपबंधों का पालन करेगा।

(*xii*) लाइसेंस की एक प्रति परिसर के, जहां प्रवासी कर्मकार नियोजित किये गये हैं, किसी सुगोचर स्थान पर प्रदर्शित की जाएगी।

(*xiii*) वह अवधि जिसके लिये लाइसेंस विधिमान्य होगा।

(3) लाइसेंस अधिकारी फारम 8-ख में एक रजिस्टर रखेगा जिसमें ऐसे ठेकेदारों की विशिष्टियां दी रहेंगी जिनके बारे में उसके द्वारा लाइसेंस जारी किया गया हो।

12. फीस।—(1) किसी स्थापना के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र दिये जाने के लिये धारा 4 के अधीन दी जाने वाली फीस वह होगी जो नीचे विनिर्दिष्ट की गई है:—

यदि स्थापना में किसी दिन नियोजित किये जाने के लिये प्रस्तावित प्रवासी कर्मकारों की संख्या—

		रु०
(क)	5 है किन्तु 20 से अधिक नहीं है ..	45.00
(ख)	20 से अधिक हो, किन्तु 50 से अधिक नहीं हो	112.00
(ग)	50 से अधिक हो, किन्तु 100 से अधिक नहीं हो	225.00
(घ)	100 से अधिक हो, किन्तु 200 से अधिक नहीं हो	450.00
(ङ)	200 से अधिक हो, किन्तु 400 से अधिक नहीं हो	900.00
(च)	400 से अधिक हो	1,125.00

(2) धारा 8 के अधीन लाइसेंस के लिये दी जानेवाली फीस वह होगी जो नीचे विनिर्दिष्ट की गई है:—

यदि ठेकेदार द्वारा भर्त्ती किये गये या नियोजित किये गये प्रवासी कर्मकारों की संख्या किसी दिन—

		रु०
(क)	5 है किन्तु 20 से अधिक नहीं है ..	20.00
(ख)	20 से अधिक हो, किन्तु 50 से अधिक नहीं हो	40.00
(ग)	50 से अधिक हो, किन्तु 100 से अधिक नहीं हो	80.00
(घ)	100 से अधिक हो, किन्तु 200 से अधिक नहीं हो	160.00
(ङ)	200 से अधिक हो, किन्तु 400 से अधिक नहीं हो	320.00
(च)	400 से अधिक हो	400.00

13. लाइसेंस का संशोधन।—(1) नियम 11 के अधीन जारी किया गया या नियम 14 के अधीन नवीकृत किया गया लाइसेंस पर्याप्त कारणों से लाइसेंस अधिकारी द्वारा संशोधित किया जा सकेगा।

(2) लाइसेंस को संशोधित कराने का इच्छुक ठेकेदार लाइसेंस अधिकारी को, संशोधन के स्वरूप और उसके कारण बताते हुए, एक आवेदन ऐसे संशोधन का अवसर आने की तारीख से तीस दिनों के भीतर देगा।

(3) उप-नियम (1) और उप-नियम (2) के अधीन प्रत्येक सूचना के साथ चालू लाइसेंस और एक कोषागार चालान लगा रहेगा, जिसमें 5 रु० और उस रकम की अदायगी दिखलायी रहेगी, जो रकम लाइसेंस के लिये शुरू में चुकाई गई फीस की रकम से उस स्थिति में अधिक रूप में देय होगी, यदि लाइसेंस शुरू में ही संशोधित रूप में निर्गत किया गया होता।

(4) यदि उप-नियम (1) और उप-नियम (2) के अधीन सूचना की प्राप्ति पर लाइसेंस अधिकारी का समाधान हो जाए कि लाइसेंस प्रदान करने के लिये ठेकेदार द्वारा दी गई फीस की रकम से अधिक रकम देय है, तो वह ठेकेदार से यह अपेक्षा करेगा कि वह पन्द्रह दिनों के भीतर इतनी रकम जमा करे जो ठेकेदार द्वारा पहले दी गई रकम के साथ मिलकर लाइसेंस के लिये ऐसी देय उच्चतर रकम के बराबर हो जाए और ऐसी कोषागार रसीद पेश करे जिसमें ऐसा जमा किया जाना दिखाया गया हो।

(5) जहां उप-नियम (2) में निर्दिष्ट सूचना प्राप्त हुई हो और लाइसेंस पदाधिकारी का समाधान हो जाए कि लाइसेंस की विशिष्टियों में, जैसी कि वे फारम 8-ख में रजिस्टर में दर्ज की गई हैं, कोई परिवर्तन हुआ है, तो वह उक्त रजिस्टर में संशोधन करेगा और उसमें इस प्रकार हुए परिवर्तन को अभिलिखित करेगा :

परन्तु ऐसा कोई संशोधन ऐसे संशोधन से पूर्व की गई किसी बात या कार्य-वाही या अर्जित किसी अधिकार या उपगत किसी बाध्यता या दायित्व पर प्रभाव नहीं डालेगा :

परन्तु यह और भी कि लाइसेंस अधिकारी फारम 8-ख में रजिस्टर में तब तक कोई संशोधन नहीं करेगा जब तक कि ठेकेदार द्वारा समुचित फीस जमा नहीं कर दी जाती है।

(6) फारम 8-ख वाले रजिस्टर के संशोधन हो जाने के बाद लाइसेंस पदाधिकारी अपने हस्ताक्षर और कार्यालय मुहर के साथ ,यथास्थिति फारम 8 और फार्म 8-ख में जारी लाइसेंस में भी आनुक्रमिक प्रविष्टियां करेगा और उसे ठेकेदार को लौटा देगा।

(7) जहां संशोधन के लिये आवेदन नामंजूर कर दिया जाए, वहां लाइसेंस पदाधिकारी ऐसे इन्कार के कारण अभिलिखित करेगा और आवेदक को उसकी सूचना देगा।

14. लाइसेंस का नवीकरण—(1) प्रत्येक ठेकेदार लाइसेंस के नवीकरण के लिये लाइसेंस अधिकारी के पास आवेदन कर सकेगा।

(2) लाइसेंस के नवीकरण के लिये आवेदन फारम 9 में तीन प्रतियों में किया जाएगा और उस तारीख से, जिस तारीख को लाइसेंस समाप्त होता है, कम-से-कम तीस दिन पूर्व किया जाएगा और यदि आवेदन इस प्रकार किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि लाइसेंस उस तारीख तक नवीकृत किया गया है जबकि नवीकृत लाइसेंस निर्गत किया जाएगा।

(3) लाइसेंस के नवीकरण के लिये देय फीस वही होगी जो लाइसेंस देने के लिये है :

परन्तु यदि आवेदन उप-नियम (2) में विहित अवधि के भीतर प्राप्त नहीं होता है तो लाइसेंस के लिये साधारणतः देय फीस के पचीस प्रतिशत प्रति तिमाही अधिक फीस ऐसे नवीकरण के लिये देय होगी :

परन्तु यह और भी कि उस दशा में जहां लाइसेंस पदाधिकारी का समाधान हो जाए कि आवेदन करने में विलम्ब ठेकेदार के नियंत्रण के परे अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण हुआ है, तो वह ऐसी अधिक फीस को कम कर सकेगा या उसे माफ कर सकेगा।

15. लाइसेंस के नवीकरण की अवधि—नियम 14 के अधीन नवीकृत प्रत्येक लाइसेंस नवीकरण के आदेश की तारीख से आगे बारह मास की अवधि के लिये प्रवृत्त रहेगा।

16. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र या लाइसेंस की दूसरी प्रति का जारी किया जाना—जहां पूर्ववर्ती नियमों के अधीन दिया गया या नवीकृत किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र या लाइसेंस खो गया हो, विरूपित हो गया हो या दुर्घटनावश नष्ट हो गया हो, वहां उसकी दूसरी प्रति कोषागार चालान द्वारा 10 रु० (दस रुपये) मात्र की फीस जमा करने पर दी जा सकेगी।

17. प्रतिभूति का वापस किया जाना—(1) (*i*) लाइसेंस की अवधि समाप्त हो जाने पर यदि ठेकेदार लाइसेंस का नवीकरण नहीं कराना चाहता हो या नियम 10 के उप-नियम (2) के अनुसार लाइसेंस के लिये फिर से दिये जानेवाले आवेदन के संबंध में प्रतिभूति को समायोजित नहीं कराना चाहता हो तो वह नियम 10 के अधीन उसके द्वारा जमा की गई प्रतिभूति, यदि कोई हो, की वापसी के लिये लाइसेंस अधिकारी को आवेदन कर सकेगा।

(*ii*) यदि लाइसेंस अधिकारी का समाधान हो जाए कि लाइसेंस की शर्तों का भंग नहीं हुआ है या धारा 10 के अधीन प्रतिभूति या उसके किसी भाग की जब्ती का आदेश नहीं है, तो वह आवेदक को प्रतिभूति वापस की जाने का निदेश देगा।

(2) यदि सम्पूर्ण प्रतिभूति या उसके किसी भाग की जब्ती का आदेश हो तो जब्त रकम प्रतिभूति निक्षेप से काट ली जायगी और शेष रकम, यदि कोई हो, आवेदक को वापस कर दी जाएगी।

(3) वापसी के लिये आवेदन यथासंभव आवेदन की प्राप्ति के साठ दिनों के भीतर निपटाया जाएगा।

18. अपील और प्रक्रिया—(1) (*i*) धारा 1 के अधीन प्रत्येक अपील एक ज्ञापन के रूप में प्रस्तुत की जाएगी, जिस पर अपीलकर्त्ता या उसके प्राधिकृत

अभिकर्त्ता का हस्ताक्षर होगा और वह या तो व्यक्तिगत रूप से अपीली अधिकारी के पास दिया जाएगा या पावती सहित निबंधित डाक द्वारा भेजा जायगा ।

(*ii*) उक्त ज्ञापन के साथ उस आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि रहेगी जिसके विरुद्ध अपील की जाएगी और उसके साथ 25 रु० (पचीस रुपये) मात्र का कोषागार चालान भी लगा रहेगा।

(2) उक्त ज्ञापन में अपील के आधार संक्षेप में और स्पष्ट शीर्षकों के अधीन अधिकथित किये जायेंगे जिस आदेश के विरुद्ध अपील की जाए ।

(3) जहां अपील का ज्ञापन उप-नियम (2) के उपबंधों के अनुरूप नहीं हो, वहां वह या तो नामंजूर कर दिया जायगा अथवा अपीलकर्त्ता को पन्द्रह दिनों की अवधि के भीतर संशोधन करने के प्रयोजनार्थ लौटा दिया जायेगा।

(4) जहां अपीली अधिकारी उप-नियम (3) के अधीन किसी अपील के ज्ञापन को नामंजूर करे, वहां इस प्रकार की नामंजूरी के कारणों को अभिलिखित करेगा और उन्हें अपीलकर्त्ता को सूचित करेगा ।

(5) जहां अपील का ज्ञापन सही रूप में हो, वहां अपीली अधिकारी अपील को ग्रहण करेगा, इस पर उसके उपस्थापन की तिथि अंकित करेगा और अपील को इस प्रयोजन हेतु रखे गए अपील रजिस्टर में दर्ज करेगा।

(6) (*i*) जब अपील गृहीत हो जाए, तब अपीली अधिकारी यथास्थिति उस रजिस्ट्रीकर्त्ता अधिकारी या लाइसेंस अधिकारी को सूचना भेजेगा, जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गयी है। तत्पश्चात् यथास्थिति, रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी या लाइसेंस अधिकारी मामले का अभिलेख अपीली अधिकारी को भेजेगा।

(*ii*) अभिलेख की प्राप्ति होने पर अपीली अधिकारी अपीलकर्त्ता को अपने समक्ष ऐसी तारीख और ऐसे समय पर, जो अपील की सुनवाई के लिये सूचना में विनिर्दिष्ट है, हाजिर होने के लिये सूचना भेजेगा ।

(7) यदि सुनवाई के लिये सुनिश्चित की गई तारीख पर अपीलकर्त्ता हाजिर नहीं होगा, तो अपीली अधिकारी अपीलकर्त्ता की अनुपस्थिति के कारण पर अपील को खारिज कर सकेगा।

(8) (*i*) जहां उप-नियम (7) के अधीन किसी अपील को खारिज कर दिया जाए, वहां अपीलकर्त्ता अपीली अधिकारी के समक्ष अपील को पुनः ग्रहण करने के निमित्त आवेदन-पत्र दे सकेगा और जहां यह साबित हो जाए कि पर्याप्त कारणों से वह अपील की सुनवाई के समक्ष हाजिर नहीं हो सका था वहां अपीली अधिकारी मूल संख्या पर ही अपील को पुनः ग्रहण कर लेगा।

(*ii*) उप-नियम (*i*) के अधीन आवेदन, जब तक कि अपीली अधिकारी पर्याप्त कारण से उसके लिये समय नहीं बढ़ा देता है, खारिज किये जाने की तारीख से तीस दिनों के भीतर किया जाएगा।

(9) (*i*) यदि अपील की सुनवाई के लिये पुकार होने पर अपीलकर्त्ता हाजिर है तो अपीली अधिकारी अपीलकर्त्ता या उसके प्राधिकृत अभिकर्त्ता या उस

प्रयोजन के लिये उसके द्वारा सम्मन किये गये किसी अन्य व्यक्ति को सुनने के बाद अपील किये गए आदेश को पुष्ट, प्रत्यावर्तित या रूपान्तरित करते हुए अपील पर निर्णय सुनाएगा ।

(*ii*) अपीली अधिकारी के निर्णय में अवधारणीय बिन्दुओं, उन पर निर्णयों और निर्णय के कारणों का उल्लेख रहेगा।

(*iii*) अपीलकर्त्ता को आदेश संसूचित कर दिया जाएगा और उसकी प्रतिलिपि, यथास्थिति उस रजिस्ट्रीकर्त्ता अधिकारी या लाइसेंस अधिकारी को भी भेजी जायगी जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गयी थी।

19. आदेश की प्रतियां प्राप्त करना—रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी, लाइसेंस अधिकारी या अपीली अधिकारी के आदेश की प्रतिलिपि की एक प्रति आदेश की तारीख और अन्य विशिष्टियां विनिर्दिष्ट करते हुए आवेदन किये जाने पर और कोषागार चालान द्वारा पांच रुपया की फीस जमा करने पर दी जाएगी।

20. फीसों और प्रतिभूति निक्षेपों का भुगतान—(1) इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकरण लाइसेंस, लाइसेंस के नवीकरण, अपील आदि के लिए देय सभी फीसों का भुगतान स्थानीय कोषागार में लेखा शीर्षक "087-श्रम और नियोजन—बिहार अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन, विनियमन एवं सेवा शर्तों) नियमावली, 1980 के अन्तर्गत फीस" के अधीन किया जाएगा।

(2) प्रतिभूति निक्षेप की राशि स्थानीय कोषागार में लेखा शीर्ष "निक्षेप अग्रिम—(क) निक्षेप जिन पर ब्याज नहीं लगेगा—843-सिविल निक्षेप—प्रतिभूति निक्षेप" के अधीन जमा की जायगी ।

अध्याय 3

ठेकेदार के कर्त्तव्य

21. प्रवासी कर्मकारों की विशिष्टियां—(1) प्रत्येक ठेकेदार विहित प्राधिकारियों को प्रवासी कर्मकारों की भर्त्ती और नियोजन के संबंध में फारम 10 में विशिष्टियां देगा ।

(2) ठेकेदार सम्बद्ध विहित प्राधिकारियों को विशिष्टियां या तो व्यक्तिगत रूप से देगा या पावती -सहित निबंधित डाक द्वारा उन्हें भेज देगा ।

(3) प्रत्येक ठेकेदार राज्य-सरकार के अधीन संबंधित श्रम प्रवर्तक और जिला मजिस्ट्रेट को वैसे कर्मकारों के विषय में भी विशिष्टियां देगा, जो वैसी स्थापनाओं में काम करने के लिये भर्ती किये गये हैं जिनके लिये समुचित सरकार केंद्रीय सरकार है।

22। वापसी किराया।—ठेकेदार नियोजन की अवधि की समाप्ति के बाद प्रवासी कर्मकार को नियोजन के स्थान से उसके निवास-राज्य में आवास के स्थान तक वापसी किराया देगा।

इसके अलावे उसे—

(क) किसी भी कारण से नियोजन की अवधि की समाप्ति के पूर्व सेवा समाप्त होने पर,

(ख) क्षति के कारण या रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित क्षति या निरन्तर रुग्ण स्वास्थ्य के कारण नियोजन के लिये अशक्त हो जाने पर,

(ग) स्थापना में कार्य के बन्द हो जाने पर, जो प्रवासी कर्मकार की गलती के कारण नहीं हुआ हो, और

(घ) ठेकेदार द्वारा नियोजन संबंधी निबन्धनों और शर्तों के पूरे न किये जाने के कारण सेवा से त्याग-पत्र देने पर भी किराया दिया जायगा।

23। पास बुक।—(1) धारा 12 की उप-धारा (1) के खंड (ख) में निर्दिष्ट पासबक में निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्टियां भी दिखाई जाएंगी :—

(क) भर्ती की तारीख।

(ख) नियोजन की तारीख।

(ग) कुल उपस्थिति/किये गये कार्य की ईकाई (मात्रानुपाती दर पर नियोजित प्रवासी कर्मकार के संबंध में)/कुल अर्जित मजदूरी/की गई कटौती, अगर की गई हो/भुगताई गई शुद्ध रकम और ठेकेदार या सम्यक् रूप से उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि का तारीख सहित हस्ताक्षर, ये प्रविष्टियां भुगतान की तारीख से तीस दिनों के भीतर प्रत्येक मजदूरी अवधि के संबंध में अलग-अलग की जाएगी।

(घ) प्रवासी कर्मकार के निकट संबंधियों के नाम और पते।

(2) किसी प्रवासी कर्मकार को घातक दुर्घटना या गम्भीर क्षति की दशा में ठेकेदार दोनों राज्यों के विहित प्राधिकारियों को और प्रवासी कर्मकार के निकट संबंधियों को प्रवासी कर्मकार की यथास्थिति मृत्यु या उसकी गम्भीर शारीरिक क्षति के दुर्घटना की तारीख, स्थान और क्षति के स्वरूप के बारे में तुरन्त तार भेजेगा। इसके अतिरिक्त ठेकेदार संबद्ध विहित प्राधिकारियों को प्रवासी कर्मकार के निकट संबंधियों को नीचे वर्णित विशिष्टयों की लिखित रिपोर्ट दुर्घटना होने से चौबीस घंटे के भीतर पावति-सहित निबंधित डाक द्वारा भेजेगा :—

(क) प्रवासी कर्मकार का नाम,
(ख) दुर्घटना की तारीख, स्थान और स्वरूप,
(ग) प्रवासी कर्मकार की हालत (यदि जीवित हो),
(घ) ठेकेदार-प्रधान नियोजक द्वारा की गयी कार्रवायी, एवं
(ङ) अभ्युक्ति।

(3) यदि ठेकेदार उप-नियम (2) के अधीन अपेक्षित रूप से तार द्वारा सूचना और या लिखित रिपोर्ट भेजने में विफल हो जाए, तो प्रधान नियोजक उप-नियम (2) की अपेक्षाओं का यथासम्भव शीघ्र पालन करेगा किन्तु यह दुर्घटना होने के समय से किसी भी दशा में 48 घंटे पश्चात् नहीं होगा।

24। विवरणी और रिपोर्ट।—प्रत्येक ठेकेदार उन प्रवासी कर्मकारों के संबंध में, जिनका नियोजन समाप्त हो गया है, फारम–11 में विहित प्राधिकारियों को एक विवरणी या तो व्यक्तिगत रूप से या पावती सहित निबंधित डाक द्वारा भेजेगा जो प्रवासी कर्मकार के नियोजन की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर उन्हें मिल जानी चाहिये।

अध्याय 4।

25। मजदूरी की दर।—यदि किसी स्थापना में किसी प्रवासी कर्मकार से ऐसा कार्य करने की अपेक्षा की जाए, जो उस स्थापना में किसी अन्य कर्मकार द्वारा किये जाने वाले कार्य से भिन्न स्वरूप या प्रकार का हो, तो उसे दी जाने वाली मजदूरी की दर प्रधान नियोजन द्वारा उप-स्थापना में सीधे भर्ती किये गये न्यूनतम श्रेणी के कर्मकार को दी जाने वाली मजदूरी की दर से, या न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अधीन वैसे या उसी प्रकार के कार्य के लिये स्थापना वाले क्षेत्र के किसी अनुसूचित नियोजन में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी की दर से या स्थापना जिस राज्य में स्थित हो उस राज्य में उस स्थापना में वैसे या उसी प्रकार का कार्य करने के लिये कर्मकारों को दी जाने वाली मजदूरी की दर से जो भी अधिक हो, कम नहीं होगी :

परन्तु यदि इसके संबंध में या धारा 13 की उप-धारा (1) के उप-खंड (ख) के अधीन प्रवासी कर्मकार को मजदूरी दर के लागू किये जाने के संबंध में कोई विवाद हो, तो उसका निर्णय श्रमायुक्त, बिहार द्वारा किया जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

26। मजदूरी की अवधि।—ठेकेदार मजदूरी की अवधि निर्धारित करेगा जिसके संबंध में मजदूरी भुगतीय होगी।

27। किसी भी मजदूरी की अवधि एक मास से अधिक की नहीं होगी।

28। मजदूरी के भुगतान का समय।— जहां किसी ठेकेदार की किसी स्थापना में एक हजार से कम कर्मकार नियोजित हो, वहां प्रत्येक प्रवासी कर्मकार की मजदूरी का भुगतानि मजदूरी की अवधि, जिसके संबंध में मजदूरी भुगतेय है के अंतिम दिन के बाद सातवें दिन की समाप्ति के पूर्व और अन्य मामलों में दसवें दिन की समाप्ति के पूर्व कर दिया जाएगा :

परन्तु यदि कोई प्रवासी कर्मकार इस नियम के अधीन अनुमान्य अंतिम दिन तक अनुपस्थित रहे, तो उसे मजदूरी का भुगतान उस दिन से तीन कार्य-दिवस की समाप्ति के पूर्व कर दिया जाएगा जिस दिन वह पुनः काम पर हाजिर हो या भुगतान की मांग करे।

29। सेवा समाप्ति पर भुगतान।—ठेकेदार द्वारा या उसकी ओर से जहां किसी प्रवासी कर्मकार की सेवा समाप्त कर दी जाए, वहां ऐसे प्रवासी कर्मकार द्वारा अर्जित मजदूरी उसे सेवा समाप्ति के दिन से दूसरे कार्य-दिवस की समाप्ति से पूर्व ही भुगतान कर दी जाएगी।

30। भुगतान की रीति।—ठेकेदार द्वारा मजदूरी के सभी भुगतान कार्य दिन को, कार्य अहाते में, कार्यकाल के दौरान और पहले ही अधिसूचित की गई तिथि को किये जाएंगे और यदि मजदूरी की अवधि की समाप्ति के पहले ही कार्य पूरा हो गया रहे तो अंतिम कार्य-दिन के 48 घंटे के भीतर अंतिम भुगतान कर दिया जाएगा।

31। प्रत्येक प्रवासी कर्मकार को भुगतेय मजदूरी या तो सीधे उसे ही या उसके द्वारा इस निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत व्यक्तियों को भुगतान की जाएगी।

32। सभी मजदूरी चालू सिक्कों अथवा करेंसी नोटों में या दोनों में भुगतान की जाएगी। मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के अधीन कटौती करने के निमित्त या राज्य सरकार के सामान्य या विशेष आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट या

अनुज्ञेय कटौतियों को छोड़, बिना किसी प्रकार की कटौती के मजदूरी का भुगतान कर दिया जायेगा।

33। कार्य स्थान में एक सूचना जिसमें मजदूरी की अवधि उसके भुगतान का स्थान और समय दिखलाया रहेगा, प्रदर्शित की जाएगी और उसकी एक प्रति पावती सहित प्रधान नियोजक को ठेकेदार द्वारा भेजी जाएगी।

34। प्रधान नियोजक यह सुनिश्चित करेगा कि उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि ठीकेदार द्वारा प्रवासी कर्मकारों को मजदूरी भुगतान किये जाने के समय और स्थान पर उपस्थित रहे, और ठेकेदार का यह कर्त्तव्य होगा कि वह यह सुनिश्चित करें कि ऐसे प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ही मजदूरी का भुगता न हो।

35। प्रधान नियोजक का प्राधिकृत प्रतिनिधि, यथास्थिति मजदूरी पंजी अथवा मजदूरी-सह-मस्टर रौल में की गयी सभी प्रविष्टियों के अन्त में अपने हस्ताक्षर से निम्नलिखित रूप में एक प्रमाण-पत्र अभिलिखित करेगा :—

"प्रमाणित किया जाता है कि स्तम्भ संख्या.......में दिखलायी गई राशि का भुगतान प्रवासी कर्मकारों को मेरी उपस्थिति में तिथि. ...को किया गया है।"

अध्याय 5।

प्रवासी कर्मकार को दी जाने वाली चिकित्सीय एवं अन्य सुविधाएं।

36। अवकाश के दिन काम के घंटे और अन्य सेवा शर्तें—(1) प्रवासी कर्मकारों के अवकाश के दिन किये गये अधिकाल कार्य के लिये अतिरिक्त मजदूरी के सहित काम के घंटे और अन्य सेवा शर्तों उनसे कम अनुकूल नहीं होगी, जो यथा स्थिति उस स्थापना में या उस क्षेत्र में जिसमें स्थापना स्थित है, उसी प्रकार के नियोजनों में प्रचलित है।

(2) जहां इस संबंध में अथवा धारा 13 की उप-धारा (1) के खंड (क) के अधीन प्रवासी कर्मकारों को अवकाश के दिन किये गये अधिकाल कार्य के लिये अतिरिक्त मजदूरी के सहित काम के घंटे और अन्य सेवा शर्तों के लागू होने के संबंध में कोई विवाद हो, वहां उसका निर्णय श्रमायुक्त, बिहार द्वारा किया जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

37। चिकित्सीय सुविधाएं।—(1) ठेकेदार स्थापना में नियोजन के दौरान किसी प्रवासी कर्मकार या उसके परिवार के किसी सदस्य के किसी रोग के उपचार के लिये निःशुल्क बहिर्वासी उपचार की उपयुक्त और पर्याप्त चिकित्सीय सुविधाओं की व्यवस्था अथवा महामारी या कोई विषाणु सक्रमण के विरुद्ध कोई निवारक उपाय

सुनिश्चित करेगा। जब कभी प्रवासी कर्मकार द्वारा किसी औषधि का क्रय यथास्थिति, ठेकेदार द्वारा या प्रधान नियोजक द्वारा व्यवस्थित किसी चिकित्सक या ऐसे चिकित्सक की अनुपस्थिति में किसी अन्य रजिस्ट्रीकृत चिकित्सक या विशेषज्ञ या ऐसे किसी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा या विशेषज्ञ के द्वारा जारी किये गये नुस्खे के आधार पर किया जाये, तब ऐसी औषधि की कीमत की प्रतिपूर्ति ठेकेदार द्वारा संबन्धित प्रवासी कर्मकार द्वारा बिल उपस्थित किये जाने की तारीख से सात दिन के भीतर की जाएगी :

परन्तु जब ठेकेदार/प्रधान नियोजक द्वारा कोई चिकित्सक निश्चित नहीं किया गया हो, तब यथास्थिति ठेकेदार या प्रधान नियोजक केवल किसी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी के ही नुसखे के आधार पर क्रय की गई औषधि की कीमत की प्रतिपूर्ति करने का भागी होगा।

(2) स्थापना में नियोजन के दौरान किसी प्रवासी कर्मकार या उसके परिवार के सदस्यों में से किसी के ऐसे रोग से रुग्न होने की दशा में जिसमें चिकित्सा के लिये अस्पताल में भर्ती करना अपेक्षित है, ठेकेदार प्रवासी कर्मकार या उसके परिवार के संवद्ध सदस्य को अस्पताल में भर्ती कराने की तुरन्त व्यवस्था करेगा। ठेकेदार रोगी के उपचार अस्पताल व्यय (जिसमें आहार भी सम्मिलित है), यदि कोई हो, और उसके आवास के स्थान से अस्पताल तक और वापसी यात्रा के खर्च को वहन करेगा।

(3) प्रत्येक ठेकेदार 150 कर्मकार या उसके भाग के निमित्त कम-से-कम एक पेटी की दर से पूरे कार्यकाल के दौरान तुरन्त सुलभ प्राथमिक उपचार पेटियां की व्यवस्था करेगा और यह व्यवस्था सदैव बनाए रखेगा।

(4) प्राथमिक उपचार पेटी पर उजली पृष्ठभूमि में लाल क्रास (रेड क्रास) स्पष्ट चिन्हित रहेगा और उसमें निम्नलिखित साज-सामान रहेंगे :—

(क) उन स्थापनाओं के लिये जिनमें नियोजित प्रवासी कर्मकारों की संख्या पचास से अधिक न हो प्रत्येक प्राथमिक उपचार पेटी में निम्नलिखित साज-सामान रहेंगे :—

(1) छह छोटी कीटाणुनाशित पट्टियां,
(2) तीन मझौली कीटाणुनाशित पट्टियां,
(3) तीन बड़ी कीटाणुनाशित पट्टियां,
(4) तीन बड़ी कीटाणुनाशित दाह-पट्टियां,
(5) एक बोतल (30 मि० ली० का) जिसमें आयोडिन की दो प्रतिशत अल्कोहलिक घोल हो,

(6) एक बोतल (30 मि० ली० का) जिसमें सेलवोलेटाइल होगा तथा जिसके लेबुल पर मात्रा और प्रयोग विधि लिखी रहेगी,
(7) एक सर्पदंश-छुरिका,
(8) एक बोतल (30 ग्राम का) जिसमें पोटाशियम परमेंगनेट क्रिस्टल्स रहेगा,
(9) एक जोड़ी कैंची;
(10) कारखाना परामर्श सेवा और श्रम संस्थान, भारत सरकार के महानिदेशक की ओर से जारी की गयी प्राथमिक उपचार पुस्तिका की एक प्रति,
(11) एक बोतल जिसमें एस्प्रीन की 100 गोलियां (प्रत्येक 5 ग्रेन की) होगी,
(12) जले स्थानों पर लगाने के लिये मरहम, और
(13) एक बोतल जिसमें उपयुक्त शल्य-चिकित्सीय कर्मों में व्यवहार की जाने वाली कीटनाशक घोल हो।

(ख) उन स्थापनाओं के जिनमें प्रवासी कर्मकारों की संख्या पचास से अधिक हों, प्रत्येक प्राथमिक उपचार पेटी में निम्नलिखित साज-सामान रहेंगे :—

(1) बारह छोटी कीटाणुनाशित पट्टियां,
(2) छह मझोली कीटाणुनाशित पट्टियां,
(3) छह बड़ी कीटाणुनाशित पट्टियां,
(4) छह बड़ी कीटाणुनाशित दाह-पट्टियां,
(5) छह पैकेट (प्रत्येक 15 ग्राम का) कीटाणुनाशित रुई,
(6) एक बोतल (80 मि० ली० का) जिसमें आयोडिन की दो प्रतिशत अल्कोहलिक घोल हो,
(7) एक बोतल (60 मि० ली० का) जिसमें सेलवीलेटाइल होगा तथा जिसके लेबुल पर मात्रा और प्रयोग विधि लिखी रहेगी,
(8) चिपकाउ पलस्तर की एक गोलगड्डी,
(9) एक सर्पदंश-छुरिका,
(10) एक बोतल (30 ग्राम का) जिसमें पोटाशियम परमेंगनेट क्रिस्टल रहेगा,
(11) एक जोडी कैंची,
(12) कारखाना परामर्श सेवा और श्रम संस्थान भारत सरकार के महानिदेशक की ओर से जारी की गयी प्राथमिक उपचार पुस्तिका की एक प्रति,
(13) एक बोतल जिसमें एस्प्रीन की 100 गोलियां (प्रत्येक 5 ग्रेन की) होगी,
(14) जले स्थानों पर लगाने के लिये मरहम, और
(15) एक बोतल जिसमें उपयुक्त शल्य-चिकित्सीय कर्मों में व्यवहार की जाने वाली कीटानाशक घोल हो।

(5) जब आवश्यक हो तो सामानों की तत्काल क्षतिपूर्ति के लिये पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

(6) उप-नियम (4) में वर्णित अन्तर्वस्तुओं के सिवाय और कुछ भी प्राथमिक उपचार पेटी में नहीं रखा जायगा।

(7) प्राथमिक उपचार पेटी एक जिम्मेदार व्यक्ति के प्रभार में रहेगी, जो स्थापना के कार्यकाल में सदैव तुरन्त सुलभ होगा।

(8) उन स्थापनाओं में जहां प्रवासी कर्मकारों की संख्या एक सौ पचास या उससे अधिक है, प्राथमिक उपचार पेटी का प्रभारी व्यक्ति प्राथमिक उपचार में प्रशिक्षित व्यक्ति होगा।

38। संरक्षात्मक कपड़े।--(1) जहां तापमान 20 डिग्री सेंटिग्रेड से नीचे गिर जाता है वहां ठेकेदार प्रत्येक प्रवासी कर्मकार को संरक्षात्मक कपड़े देने की व्यवस्था करेगा जिसमें एक उनी कोट और एक ऊनी पतलून होगी जो दो वर्ष में एक बार दिये जायेंगे :

परन्तु जहां तापमान 5 डिग्री सेंटिग्रेड से नीचे गिर जाता है वहां प्रवासी कर्मकार को तीन वर्ष में एकबार एक ऊनी ओवर कोट भी देने की व्यवस्था की जाएगी।

(2) उस क्षेत्र में जहां स्थापना स्थित है, जाड़े के मौसम के प्रारंभ होने के पूर्व या सितम्बर के तीसवें दिन, इनमें से जो भी पहले हो, ठेकेदार द्वारा सुरक्षात्मक कपड़े प्रत्येक प्रवासी कर्मकार को दिये जाने की व्यवस्था की जाएगी।

(3) ठेकेदार प्रवासी कर्मकारों को दस्ताने, जूते और वैसे अन्य सुरक्षात्मक सामानों के देने की व्यवस्था करेगा जैसा सादृश्य काम में नियोजित अन्य कर्मकारों को दिये जाते हैं।

39। पेयजल, शौचालय, मूत्रालय और धावन सुविधायें।--(1) ठेकेदार प्रवासी कर्मकारों के लिये स्थापना में पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्यप्रद पेयजल की आपूर्ति, पर्याप्त संख्या में स्वच्छ शौचालयों और मूत्रालयों, धावन सुविधाओं, इत्यादि, की व्यवस्था विद्यमान स्थापनाओं की दशा में, इन नियमों के प्रवर्तन के प्रारंभ से सात दिन के भीतर, और नयी स्थापनाओं की दशा में, उनमें प्रवासी कर्मकारों की बहाली के प्रारंभ से सात दिन के भीतर करेगा :

परन्तु क्या पर्याप्त है और क्या स्वास्थ्यप्रद है, इस संबंध में लाइसेंस अधिकारी की राय अंतिम और बाध्यकारी होगी।

(2) यदि विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर ठेकेदार द्वारा किसी सुविधा की व्यवस्था नहीं की जाती है तो उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के सात दिन के भीतर उसकी प्रधान नियोजक द्वारा व्यवस्था की जाएगी।

40। विश्राम कक्ष।--(1) ऐसे प्रत्येक स्थान में, जहां स्थापना के कार्य के सिलसिले में प्रवासी कर्मकारों से रात में ठहरने की अपेक्षा की जाती है और जिसमें प्रवासी कर्मकारों के नियोजन की तीन मास या उससे अधिक अवधि के लिये बने रहने की सम्भावना है, ठेकेदार विश्राम कक्षों की अथवा अन्य उपयुक्त वैकल्पिक आवास की व्यवस्था, विद्यमान स्थापनाओं की दशा में, इन नियमों के प्रवर्तन के प्रारंभ से पन्द्रह दिन के भीतर और नयी स्थापनाओं की दशा में प्रवासी कर्मकारों की बहाली के प्रारंभ से पन्द्रह दिन के भीतर, करेगा और उसका अनुरक्षण करेगा।

(2) यदि ठेकेदार द्वारा सुख-सुविधा की व्यवस्था विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर नहीं की जाती है, तो प्रधान नियोजक उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पन्द्रह दिनों की अवधि के भीतर उसकी व्यवस्था करेगा।

(3) महिला प्रवासी कर्मकारों के लिये अलग कक्षों की व्यवस्था की जाएगी।

(4) प्रत्येक कक्ष में ताजा हवा का आना-जाना और पर्याप्त संवातन सुलभ करने और बनाए रखने के निमित्त प्रभावी और उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी और उसमें पर्याप्त और उपयुक्त प्राकृतिक और कृत्रिम प्रकाश की व्यवस्था भी की जायगी और उसे बनाए रखा जाएगा।

(5) विश्राम कक्ष अथवा अन्य उपयुक्त वैकल्पिक आवास ऐसे आकार का होगा कि उसमें प्रत्येक व्यक्ति को कम-से-कम 1-1 वर्गमीटर जगह सुलभ हो।

(6) विश्राम कक्ष अथवा अन्य उपयुक्त वैकल्पिक आवास का निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि उसका ताप, आंधी, वर्षा से पर्याप्त बचाव हो सके और उसकी फर्श की सतह समतल, सख्त और अभेद्य रहे।

(7) विश्राम-कक्ष अथवा अन्य उपयुक्त आवास स्थापना से सुगम दूरी पर होगा और उसमें पर्याप्त स्वास्थ्यप्रद पेयजल की आपूर्ति रहेगी।

41। भोजशालाएं (कैंटीन)।--(1) प्रत्येक स्थापना में, जिसमें प्रवासी कर्मकारों के नियोजन संबंधी काम निरन्तर छह महीनों तक बने रहने की संभावना है और जिसमें समान्यतः एक सौ या उससे अधिक संख्या में, प्रवासी कर्मकार नियोजित हैं, विद्यमान स्थापनाओं की दशा में इन नियमों के प्रवर्तन की तिथि से साठ दिन के भीतर, और नयी स्थापनाओं की दशा में, प्रवासी कर्मकारों की बहाली के प्रारंभ से साठ दिन के भीतर, ऐसे प्रवासी कर्मकारों के उपयोग के लिये ठेकेदार एक समुचित भोजशाला (कैंटीन) की व्यवस्था करेगा।

(2) यदि निर्धारित समय के भीतर भोजशाला की व्यवस्था करने में ठेकेदार विफल हो तो प्रधान नियोजक ठेकेदार को दिये गये समय की समाप्ति के साठ दिन के भीतर समुचित भोजशाला की व्यवस्था करेगा।

(3) भोजशाला का अनुरक्षण, यथास्थिति, ठेकेदार या प्रधान नियोजक ठीक ढंग से करेगा।

(4) भोजशाला में कम-से-कम एक भोजन-कक्ष, पाकशाला, भंडार घर, रसोई भंडार (पैन्ट्री) और प्रवासी कर्मकारों के हाथ-मुंह तथा वर्त्तनों के धोने के अलग-अलग स्थान रहेंगे।

(5) (क) भोजशाला में ऐसे सभी समयों पर, जब कोई व्यक्ति वहां आ सकता हो, पर्याप्त रोशनी रखी जाएगी।

(ख) इसका फर्श चिकनी और अभेद्य सामग्री से बना रहेगा और भीतर की दीवारों पर कम-से-कम वर्ष में एक बार चूना-पुताई या रंग-पुताई की जाएगी :

परन्तु, पाकशाला की भीतरी दीवारों पर चूना-पुताई प्रत्येक चार महीने पर की जाएगी।

(ग) (*i*) भोजशाला का परिवेश (अहाता) साफ-सुथरा रखा जाएगा।

(*ii*) रद्दी पानी को जमा न होने देकर उपयुक्त रूप से ढंकी नालियों द्वारा बहा दिया जाएगा ताकि जमा होकर गन्दगी (न्यूसेंस) का कारण न बनने पावे।

(*iii*) कूड़ा जमा करने और उसे ठिकाने लगवाने का समुचित प्रबंध किया जाएगा।

(7) भोजन-कक्ष इतना बड़ा होगा कि एक बार काम करनेवाले प्रवासी कर्मकारों में से कम-से-कम तीस प्रतिशत कर्मकार एक साथ बैठ सकें।

(8) सर्विस काउन्टर और कुर्सी, मेजों के अलावा अन्य किसी फर्निचर के घिरे स्थान को छोड़ भोजन-कक्ष की फर्श इतनी बड़ी होगी कि उसमें उप-नियम (7) में यथाविनिर्दिष्ट संख्या में भोजन करनेवालों के लिए प्रति व्यक्ति कम-से-कम एक वर्ग मीटर स्थान की व्यवस्था हो।

(9) (*i*) भोजन-कक्ष और सर्विस काउन्टर का एक हिस्सा महिला प्रवासी कर्मकारों की संख्या के अनुपात में बांट कर अलग कर दिया जाएगा और वह उनके लिए सुरक्षित रहेगा।

(*ii*) महिलाओं के लिए धावन स्थान अलग होंगे और उनकी एकान्तता की सुरक्षा के लिए वहां पर्दा लगा रहेगा।

(10) उप-नियम (7) में यथा विनिर्दिष्ट भोजन करनेवालों के लिए पर्याप्त संख्या में मेजें, तिपाइयां, कुर्सियां या बेंचें उपलब्ध रहेंगी।

(11) (*i*) भोजशाला को कुशलतापूर्वक चलाने के हेतु पर्याप्त मात्रा में वर्त्तनों, चीनी के वर्त्तन (क्रौकरी), छुरी-कांटे (कटलरी), फर्निचर और अन्य आवश्यक साज-सामान की व्यवस्था की जाएगी और उन्हें अनुरक्षित रखा जाएगा।

(*ii*) फर्निचर, वर्त्तन और अन्य साज-सामान साफ और स्वास्थ्यकर अवस्था में रखे जायेंगे।

(12) (*i*) भोजशाला में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए उपयुक्त साफ पोशाक की भी व्यवस्था की जाएगी और उसे अनुरक्षित रखा जाएगा।

(*ii*) यदि किसी सर्विस काउन्टर की व्यवस्था हो, तो उसका ऊपरी भाग चिकनी और अभेद्य सामग्री से बना होगा।

(*i*) वर्त्तनों और साज-सामान की सफाई के लिए उपयुक्त सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी जिसमें गर्म पानी की पर्याप्त आपूर्त्ति भी शामिल है।

(13) भोजशाला में दी जानेवाली खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुएं प्रवासी कर्मकारों की सामान्य आदतों के अनुरूप होंगी।

(14) भोजशाला में जानेवाले भोजनों, अन्य खाद्य-पदार्थों, मादक पेयों और किन्हीं अन्य वस्तुओं की कीमतें लाभ-हानि रहित आधार पर होंगी, जो भोजशाला में सहजदृश्य स्थान पर प्रदर्शित की जायेंगी।

([illegible])जशाला में दिए जानेवाले खाद्य-पदार्थ और अन्य वस्तुओं की कीमतें लगाने में निम्नलिखित मदों को व्यय के रूप में विचारार्थ नहीं रखा जाएगा :—

(क) जमीन और मकान का किराया ;

(ख) भोजशाला के लिए उपबंधित भवन और साज-सामानों के अवक्षयण और रख-रखाव पर होनेवाले व्यय ;

(ग) फर्निचर, चीनी के वर्त्तन (क्राकरी), छुरी-कांटे (कटलरी) और वर्त्तन सहित साज-सामानों के क्रय, मरम्मत और बदलाव की लागत ;

(घ) रोशनी की व्यवस्था और संचालन तथा पानी के प्रबंध पर होनेवाला व्यय ;

(ङ) भोजशाला में व्यवस्थित फर्निचर और साज-सामानों की व्यवस्था और रख-रखाव करने में व्यय की गयी राशियों पर ब्याज।

(16) भोजशाला के संचालन के संबंध में व्यवहृत लेखा-बहियां, पंजियां और अन्य दस्तावेजें मांगी जाने पर निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत की जाएंगी।

(17) भोजशाला से संबंधित लेखाओं की प्रत्येक बारह महीनों में कम-से-कम एक बार रजिस्ट्रीकृत लेखापालों या अंकेक्षकों द्वारा अंकेक्षण किया जाएगा :

परन्तु यह कि श्रमायुक्त, विहार लेखाओं के अंकेक्षण के लिए किसी अन्य व्यक्ति का भी अनुमोदन कर सकेगा, यदि उसका समाधान हो जाए कि भोजशाला के स्थल या अवस्थान को दृष्टि में रखते हुए किसी रजिस्ट्रीकृत लेखापाल और अंकेक्षक का नियुक्त किया जाना संभव नहीं होगा।

42। शौचालय और मूत्रालय—(1) प्रत्येक स्थापना में निम्नलिखित मान के अनुसार शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी :—

(क) जहां महिलाएं नियोजित हों, वहां प्रत्येक पचीस महिलाओं के निमित्त कम-से-कम एक शौचालय होगा;

(ख) जहां पुरुष नियोजित हों, वहां प्रत्येक पचीस पुरुषों के निमित्त कम-से-कम एक शौचालय होगा :

परन्तु जहां पुरुषों या महिलाओं की संख्या एक सौ से अधिक हो, वहां प्रथम एक सौ तक, पचीस पुरुषों या महिलाओं के निमित्त, यथास्थिति, एक शौचालय पर्याप्त होगा और प्रथम एक सौ के पश्चात् प्रत्येक पचास के निमित्त एक शौचालय की व्यवस्था होगी।

(2) प्रत्येक शौचालय आच्छादित और इस तरह विभाजित होगा कि उसमें एकान्तता सुनिश्चित हो, और उसमें समुचित द्वार और बन्द करने के साधन उपलब्ध होंगे।

(3) (*i*) जहां पुरुष और महिला कर्मकार दोनों ही नियोजित हों वहां शौचालयों और मूत्रालयों के प्रत्येक खंड के बाहर, अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में, एक नोटिस प्रदर्शित रहेगी जिसमें, यथास्थिति, "केवल पुरुषों के लिए" या "केवल महिलाओं के लिए" लिखा रहेगा।

(*ii*) उक्त नोटिस पर यथास्थिति, पुरुष या महिला की एक आकृति बनाई रहेगी।

(4) एक साथ और एक समय काम करने वाले पचास पुरुषों के लिए कम-से-कम एक और पचास महिलाओं के लिए एक मूत्रालय की व्यवस्था रहेगी :

परन्तु जहां काम करनेवाले यथास्थिति पुरुषों या महिलाओं की संख्या पांच सौ से अधिक हो, वहां प्रथम पांच सौ तक, प्रत्येक पचास पुरुष या महिलाओं के निमित्त एक मूत्रालय, और तत्पश्चात प्रत्येक एक सौ और उनके अंश के निमित्त एक मूत्रालय की हो व्यवस्था पर्याप्त होगी।

(5) शौचालय और मूत्रालय सुगम स्थान पर स्थित होंगे और स्थापना के कर्मकारों की उन तक हर समय पहुंच होगी।

(6) (क) शौचालयों और मूत्रालयों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रहेगी और वे सदैव स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद दशा में रखे जाएंगे।

(ख) जल प्रवाही मल प्रणाली से संयुक्त शौचालयों और मूत्रालयों से भिन्न शौचालय और मूत्रालय लोक स्वास्थ्य प्राधिकारियों की अपेक्षाओं के अनुरूप रखे जाएंगे।

(7) जल-नल की या जल के अन्य साधनों की इस प्रकार व्यवस्था की जाएगी कि जल शौचालय और मूत्रालयों में या उसके निकट सुविधापूर्वक उपलब्ध हो सके।

43। धावन सुविधाएं—(1) प्रत्येक स्थापना में वहां नियोजित प्रवासी कर्मकारों के उपयोग के लिए धावन की पर्याप्त और समुचित सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी और उन्हें अनुरक्षित रखा जाएगा।

(2) पुरुष और महिला प्रवासी कर्मकारों के उपयोग के लिए अलग-अलग और समुचित पर्दों की व्यवस्था की जाएगी।

(3) ऐसी सुविधाएं सुगमतापूर्वक उपलब्ध रहेंगी और सदैव स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद स्थिति में रखी जाएंगी।

44। शिशु कक्ष—(1) प्रत्येक स्थापना में जहां साधारणतया बीस या उससे अधिक महिला कर्मकार प्रवासी के रूप में नियोजित हों और जिसमें प्रवासी कर्मकारों का नियोजन तीन मास या उससे अधिक समय तक चालू रहने की संभावना हो, ठेकेदार, विद्यमान स्थापनाओं की दशा में, नियमों के प्रवर्तन की तिथि से पन्द्रह दिन के भीतर, और, नयी स्थापनाओं की दशा में, कम-से-कम बीस महिलाओं के प्रवासी कर्मकारों के रूप में नियोजन के प्रारंभ से पन्द्रह दिन के भीतर, उनके छः वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के उपयोग के लिए यथोचित आकार के दो कक्षों की व्यवस्था करेगा और उनका अनुरक्षण करेगा।

(2) ऐसे कक्षों में से एक बच्चों के लिए क्रीड़ा-कक्ष के रूप में और दूसरा बच्चों के लिए शयन-कक्ष के रूप में उपयोग किया जाएगा।

(3) यदि निर्धारित समय के भीतर शिशु कक्ष की व्यवस्था करने में ठेकेदार विफल हो जाए, तो प्रधान नियोजक उसकी व्यवस्था ठेकेदार को दिए गए समय की समाप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर करेगा ।

(4) यथास्थिति ठेकेदार या प्रधान नियोजक क्रीड़ा-कक्षों में पर्याप्त संख्या में खिलौनों और खेलों, तथा शयन-कक्षों में पर्याप्त संख्या में चारपाइयों और बिस्तरों की व्यवस्था करेगा ।

(5) शिशु-कक्ष का निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि वह ताप, नमी, आंधी, वर्षा से पर्याप्त संरक्षण दे सके और उसकी फर्श की सतह समतल, सख्त और अभेद्य रहे ।

(6) शिशु-कक्ष स्थापना से सुगम दूरी पर होगा और उसमें पर्याप्त स्वास्थ्यप्रद पेयजल की आपूर्ति रहेगी ।

(7) शिशु-कक्षों के प्रत्येक कक्ष में ताती हवा के परिचालन द्वारा पर्याप्त संवातन सुलभ होने और बनाए रखने के निमित्त प्रभावी और उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी तथा उसमें पर्याप्त और उपयुक्त प्रकृति और कृत्रिम प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी और उसे अनुरक्षित किया जाएगा ।

45। आवास की व्यवस्था—(1) ठेकेदार प्रत्येक प्रवासी कर्मकार के लिए निम्नलिखित व्यवस्था करेगा:—

(1) उस दशा में जब उसके साथ उसके परिवार का कोई अन्य सदस्य हो, एक कमरे का एक उपयुक्त क्वार्टर जिसमें कम-से-कम दस वर्ग मीटर जगह, एक बरामदा और भोजन बनाने के लिए पर्याप्त आच्छादित अतिरिक्त स्थान के साथ ही ऐसे प्रत्येक तीन क्वार्टर पीछे एक सामान्य स्वच्छ शौचालय और एक सामान्य स्नानागार होगा ;

(2) उस दशा में जब उसके साथ उसके परिवार का कोई अन्य सदस्य न न हो, अधिक से अधिक वैसे दस प्रवासी कर्मकारों के रहने के लिए एक उपयुक्त बैरेक जिसमें उसका उपयोग करने वाले वैसे प्रत्येक प्रवासी कर्मकार के लिए 6.5 वर्गमीटर जगह, एक बरामदा और भोजन बनाने के लिए पर्याप्त आच्छादित अतिरिक्त स्थान के साथ ही वैसे प्रत्येक दस प्रवासी कर्मकार के पीछे एक सामान्य स्वच्छ शौचालय और एक सामान्य स्नानागार होगा ।

इनकी व्यवस्था, विद्यमान स्थापनाओं की दशा में, नियमों के प्रवर्त्तन की तिथि से पन्द्रह दिन के भीतर और नयी स्थापनाओं की दशा में, प्रवासी कर्मकारों के नियोजन के प्रारंभ से पन्द्रह दिन के भीतर की जाएगी ।

(2) प्रत्येक क्वार्टर और बैरेक का इस प्रकार निर्माण किया जाएगा कि उसमें पर्याप्त संवातन हो, ताप, आंधी, वर्षा से संरक्षण हो, और उसकी फर्श की सतह समतल, सख्त और अभेद्य रहे ।

(3) यथास्थिति, क्वार्टर या बैरेक स्थापना से सुगम दूरी पर होंगे और उसमें पर्याप्त स्वास्थ्यप्रद पेयजल की आपूर्त्ति रहेगी :

परन्तु, यदि वास-स्थान कार्य-स्थल से दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर हो, तो उपयुक्त परिवहन सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी, या उसके बदले कर्मकारों को परिवहन व्यय की पूर्त्ति के लिए सवारी-भत्ता का भुगतान किया जाएगा ।

(4) वह क्षेत्र, जिसमें क्वार्टर और/या बैरेक स्थित हैं, और उसमें व्यवस्थित शौचालय और स्नानागार सभी समय साफ और स्वच्छ स्थिति में रखे जाएंगे ।

(5) यदि ठेकेदार द्वारा उप-नियम (i) में विनिर्दिष्ट सुख-सुविधाओं की व्यवस्था विहित अवधि के भीतर नहीं की जाती हैं, तो प्रधान नियोजक उनकी व्यवस्था उप-नियम में विनिहित अवधि की समाप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर करेगा ।

(6) यदि उप-नियम (i) के उप-नियम (4) में विनिर्दिष्ट सुख-सुविधाओं में से किसी की भी व्यवस्था की उपयुक्तता या पर्याप्तता के विषय में कोई विवाद या मतभेद हो, तो उसका निर्णय श्रमायुक्त, विहार करेगा जिसका निर्णय अन्तिम होगा ।

46। कुछ दशाओं में प्रधान नियोजक का दायित्व—यदि किसी स्थापना में, जिसमें यह अधिनियम लागू होता है, नियोजित किसी प्रवासी कर्मकार को ठेकेदार द्वारा धारा 14 या धारा 15 के अधीन यथापेक्षित किसी भत्ते का भुगतान नहीं किया जाता है या यदि ऐसे कर्मकार के हित के लिए धारा 16 में विनिर्दिष्ट किसी सुविधा की व्यवस्था नहीं की जाती हैं, तो प्रधान नियोजक द्वारा, यथास्थिति, ऐसे भत्ते का भुगतान या सुविधा की व्यवस्था, जहां सुसंगत नियमों में कोई दूसरा उपबंध हो वहां छोड़ कर, ठेकेदार को इन नियमों के अधीन दिए गए समय की समाप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर की जाएगी:

परन्तु, ऐसे रोग की दशा में जिसमें, यथास्थिति, अविलम्ब चिकित्सीय व्यवस्था करना या चिकित्सा के लिए अस्पताल में भर्त्ती कराना अपेक्षित हो, ठेकेदार के ऐसा करने में चूकने पर प्रधान नियोजक उसकी तुरन्त व्यवस्था करेगा ।

47। कुछ दशाओं में शिथिलीकरण—यदि, यथास्थिति, ठेकेदार या प्रधान नियोजक ने, स्थापना पर लागू किसी अधिनियम के अधीन, यथापेक्षित प्रचुर पेय-जल या विश्राम कक्षों या शौचालयों और मूत्रालयों या धावन, भोजशाला या शिशु-कक्ष या प्राथमिक उपचार से संबंधित किसी सुविधा की पहले ही व्यवस्था की हो और वह पर्याप्त में हो तथा प्रवासी कर्मकारों के उपयोग के लिए भी उपलब्ध हो, तो उस सुविधा के बारे में यह समझा जाएगा कि उसकी व्यवस्था इन नियमों के अधीन की गयी है।

अध्याय 6।

पंजी और अभिलेख आंकड़ों का संग्रहण।

48। ठेकेदारों की पंजी—प्रत्येक प्रधान नियोजक हरेक रजिस्ट्रीकृत स्थापना के निमित्त फारम 12 में ठेकेदारों की एक पंजी रखेगा।

49। नियोजित व्यक्तियों की पंजी—प्रत्येक प्रधान नियोजक और ठेकेदार ऐसी हरेक स्थापना के लिए, जिसमें वह प्रवासी कर्मकारों को नियोजित करता है, फारम 13 में एक पंजी रखेगा।

50। सेवा प्रमाण-पत्र—किसी भी कारण से नियोजन की समाप्ति पर ठेकेदार ऐसे प्रवासी कर्मकार को, जिनकी सेवाएं समाप्त कर दी गयी हैं, फारम 14 में एक सेवा प्रमाण-पत्र देगा।

